भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2230**
**13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए**

**हरित इस्पात विनिर्माण को अपनाया जाना**

**2230 श्री जग्गेश:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इस्पात आयात पर कार्बन प्रशुल्क लगाए जाने तथा इस क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने की बढ़ती आवश्यकता के मद्देनजर राष्ट्रीय इस्पात नीति (एनएसपी) की समीक्षा करने की आवश्यकता है;

(ख) क्या सरकार देश में हरित इस्पात विनिर्माण को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए कोई पैकेज तैयार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) से (ग): सरकार ने अकार्बनीकरण और कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इस्पात आयात पर कार्बन प्रशुल्क लगाने सहित उभरती चुनौतियों के मद्देनजर विभिन्न उपाय किए हैं। हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद, सरकार ने वर्ष 2070 तक निवल शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के उद्देश्य से देश में हरित इस्पात विनिर्माण को अपनाने तथा इस्पात क्षेत्र में हरित संक्रमण को प्रोत्साहित करने के लिए एक रोडमैप और कार्य योजना तैयार कर उसे जारी किया है।

****